**प्रेस नोट**
**दिनांक 18.12.2024**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर लंबित विवेचना/जांच प्रार्थना पत्रों तथा विभागीय कार्यवाहियों आदि की स्थिति की समीक्षा बैठक कर जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु दिए आवश्यक दिशा–निर्देशः–**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा कैम्प कार्यालय में जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर लंबित अभियोगों के विवेचना, लंबित जांच प्रार्थना पत्रों व लंबित प्रारंभिक जांचो आदि की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा लंबित विवेचनाओं विशेषकर महिला संबंधी अपराधों तथा एस0सी0एस0टी0 एक्ट से संबंधित अभियोगो के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। गैंगेस्टर के प्रकरणों में अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 14(1) के प्रकरणों में सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा की गयी तथा अपराधियों के विरूद्ध खोले गए एच0एस0, अभियुक्तों के विरूद्ध गुण्डा एक्ट के तहत अब तक की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पेशेवर अपराधियों को चिन्हित कर ज्यादा से ज्यादा गैंग रजिस्ट्रेशन हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पीड़ित फरियादियों के आने पर उनकी समस्याओं को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उसका तत्काल निस्तारण किया जाए। गोण्डा पुलिस द्वारा 01 जनवरी 2024 से अबतक गैंगस्टर एक्ट के तहत कुल 101 अभियुक्तों के विरुद्ध 28 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं तथा 76 नए अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। गैंगस्टर एक्ट के 04 प्रकरणों में अपराध से अर्जित की गयी 83,02,729/– रू0 की सम्पत्ति जब्त की गयी है। 190 व्यक्तियों पर गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी तथा अपराधियों पर शिंकजा कसने के लिए अब तक 14 सक्रिय गिरोह के ऊपर गैंग पंजीकरण' की कार्यवाही की गयी है। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गोण्डा पुलिस व अभियोजन विभाग द्वारा अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकता से प्रभावी पैरवी करते हुए हत्या, लूट, नकबजनी आदि के 191 अभियोगों में 361 अभियुक्तों को सजा करायी गयी है इनमें से 45 अपराधियों को आजीवन कारावास, 71 अभियुक्तों को 10 वर्ष से अधिक का कारावास और 245 अपराधियों को 10 वर्ष से कम की सजा हुई है तथा महिला सम्बन्धी अपराधों के 76 अभियोगों में 103 अभियुक्तों को सजा करायी गयी है। इनमें से 09 अपराधियों को आजीवन कारावास, 48 अभियुक्तों को 10 वर्ष से अधिक का कारावास और 46 अपराधियों को 10 वर्ष से कम की सजा हुई है।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 18.12.2024**

**आपरेशन साइबर कवच के दृष्टिगत जनपदीय साइबर सेल द्वारा पीडित की फ्रॉड गयी 5,0000/– रूपये कराए गए वापस, पैसे वापस मिलने पर पीड़ित के चेहरे पर लौटी मुस्कान, पीड़ित ने गोण्डा पुलिस को किया धन्यवादः–**

जनपद गोण्डा में साइबर फ्रॉड अपराध की रोकथाम के संबंध में त्वरित कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के मार्गदर्शन में जनपदीय साइबर सेल टीम द्वारा पीड़ित के फ्रॉड गयी धनराशि को सम्बंधित बैंक/इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित करते हुए धनराशि **50,000/– (**पचास हजार रू0) पीड़ित के खाते में वापस करायी गयी।

**घटना का संक्षिप्त विवरण–**

आवेदक मोईद खान पुत्र मुफीद खान नि0 रकाबगंज थाना को0 नगर जनपद गोण्डा द्वारा फ्राड कॉल पर विश्वास करके लालच में आकर रूपए ट्रांसफर कर दिया था। साइबर फ्रॉड ठगी के उपरान्त आवेदक द्वारा इसकी शिकायत जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक गोण्डा के समक्ष एवं 1930 पर की गयी थी। जिस पर जनपदीय साइबर सेल द्वारा सम्बंधित बैंक/इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित करते हुए पीड़ित के 50,000/– रू0 की धनराशि वापस करायी गयी। पीड़ित द्वारा अपने रूपये वापस पाकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए नोडल ऑफिसर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत को बुके भेंट कर धन्यवाद दिया गया।

**नोट– साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 पर सूचना अंकित कराये, सूचना विलम्ब से देने पर साइबर अपराधियों द्वारा धन निकाल लिया जाता है। धन निकलने के उपरान्त पैसे वापस होने की सम्भावना बहुत कम होती है। लोगो को साइबर ठगों से सावधान रहने की जरुरत है। किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओ0टी0पी0, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें। फ्रॉड ट्रांजेक्सन होने पर तत्काल अपने बैंक एवं थाना पर गठित साइबर सेल को सूचना दें एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराएँ।**

**साइबर सुरक्षा टिप्स–**

01. ऑनलाइन लेन–देन में सावधानी बरतें
02. किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें।
03. सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।
04. अनजान लिंक्स पर क्लिक न करें।
05. अपने डिवाइस को सुरक्षित रखें।
06. ऑनलाइन शॉपिंग में सुरक्षित वेबसाइट्स का उपयोग करें।
07. पासवर्ड को मजबूत और गुप्त रखें।
08. ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखें।
09. साइबर बुलिंग और साइबर स्टॉकिंग के मामलों में तुरंत पुलिस को सूचित करें।
10. ऑनलाइन उत्पीड़न के मामलों में कंपनी प्रबंधन और पुलिस को सूचित करें

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**<u>प्रेस नोट</u>**
**<u>दिनांक 18.12.2024</u>**

**<u>पुलिस अधीक्षक गोण्डा को व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा उनके जनपद में एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु बुके भेंट कर किया गया सम्मानित—</u>**

गोण्डा। आज दिनांक 18.12.2024 को व्यापारर मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल को विगत 01 वर्ष के दौरान जनपद गोण्डा में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। पिछले एक वर्ष के दौरान पुलिस अधीक्षक गोण्डा के मार्गदर्शन में जनपदीय पुलिस द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन—2024, पंचायती उपचुनाव, महत्वपूर्ण त्योहार होली, कजरी तीज पर्व, दशहरा, दिवाली, ईद व मोहर्रम आदि के साथ—साथ विभिन्न सांस्कृतिक उत्सवों/जुलूसों को सकुशल सम्पन्न कराया गया है। इसके अतिरिक्त शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आई0जी0आर0एस0 के सर्वोच्च निस्तारण में गोण्डा पुलिस लगातार तीन बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
**<u>इस मौके पर व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष श्री भूपेंद्र आर्या, प्रांतीय मंत्री जिला प्रभारी जगदीश रायतानी संगठन मंत्री श्री मुकेश शुक्ला, महामंत्री शिव कुमार सोनी, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।</u>**

**<u>मीडिया सेल, गोण्डा।</u>**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 18.12.2024**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा नेहरू स्टेडियम में आयोजित चतुर्थ जनपदीय टीचर प्रीमियर लीग क्रिकेट, बालीबाल एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ-**

गोण्डा। आज दिनांक 18.12.2024 को फिट इंटिया टीचर गेम्स वेलफेयर एसोसिएशन, गोण्डा के सौजन्य से जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित चतुर्थ जनपदीय टीचर प्रीमियर लीग क्रिकेट, बालीबाल एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया । यह प्रीमियर लीग आज दिनांक 18.12.2024 को समय 11:00 बजे से दिनांक 19.12.2024 को समय 3:30 बजे तक आयोजित होगी। जिसमें जनपद की विभिन्न टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा । प्रतियोगिता में आज जनपद की कुल 08 क्रिकेट टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया । जिसमें पहला मैच वजीरगंज व मुजेहना के बीच हुआ जिसमें वजीरगंज की टीम विजयी हुई, दूसरा मैच बेलसर व इटियाथोक के बीच हुआ जिसमें बेलसर की टीम विजयी हुई । महोदय द्वारा इस अवसर पर उपस्थित AD बेसिक शिक्षा, BSA तथा सभी आयोजकों व शिक्षक संघ के पदाधिकारियों को इस प्रीमियर लीग के आयोजन हेतु बधाई व शुभकामनाएं दी गई । खेल प्रतियोगियों के माध्यम से युवाओं में खेल भावना जागृत होगी । खेलकूद से बच्चों का सामाजिक और शारीरिक विकास होता है तथा सकारात्मक आत्म-छवि विकसित करने में मदद मिलती है । खेलकूद से बच्चों में सामाजिक कौशल, समस्या समाधान और कल्पना विकसित करने में मदद मिलती है ।

**मीडिया सेल,गोण्डा।**